तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 12 सितम्बर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 बैंक कर्मियों की हड़ताल करोड़ों का लेनदेन प्रभावित

खबर संक्षेप

जिले में नेशनल लोक अदालत आज

अम्बिकापुर। आपसी राजीनामा के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 12 सितंबर को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2026 की तीसरी लोक अदालत होगी। लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आई महिला की गई जान

अम्बिकापुर। आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। महिला बेटी, बहू सहित अन्य लोगों के साथ भाई के खेत में खीरा तोड़ने गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पोतका निवासी सुमित्रा ओरकेश पति अमलेश सिंह (38 वर्ष) गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे बेटी अनुमति सिंह, बहू सुमारी सहित गांव के अन्य लोगों के साथ जमतीपारा निवासी भाई के खेत में खीरा तोड़ने गई थी। सभी लोग खेत में खीरा तोड़ रहे थे तभी दोपहर 3 बजे तेज गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। कुछ लोग पास के झोपड़ी में चले गए जबकि सुमित्रा व उसकी बहू पेड़ के नीचे खड़े थी। इसी दौरान तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी तो सुमित्रा गाज की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे झोपड़ी में लेकर आए जहां महिला को होश नहीं आने पर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

180 नग नशीला टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी के पास से 180 नाग नशीला टेबलेट बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पर्राडांड निवासी इम्तियाज अंसारी होंडा साइन बाईक से नशीला टेबलेट बिक्री करने के लिए अग्रसेन रोड बैंक के पीछे खेत के पास आने वाला है। सूचना के बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पर्राडांड निवासी 27 वर्षीय इम्तियाज अंसारी आ. अख्तर अंसारी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो 180 नग नशीला टेबलेट बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान थाना प्रभारी कोतवाली अखिलेश सिंह, उनि केके यादव, आरक्षक नितिन सिन्हा, विवेक राय, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

ननि अपने लिए दूसरी जगह तलाश रहा जमीन

20 वर्षों में नही बस पाया टीपी नगर अब वहीं बनेगा अजीम प्रेमजी का हॉस्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की कवायद पिछले 20 वर्षों में पूर्ण नहीं हो पाई। टीपी नगर बसाने के लिए दो करोड़ रूपए से अधिक की राशि खर्च करने के बाद नगर निगम अपने लिए दूसरी जगह जमीन तलाश रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि इस जमीन को नगर निगम ने अजीम जी प्रेमजी को सौपने का निर्णय लिया है। जिस स्थान पर पहले टीपी नगर बसाया जाना था वहां अब हॉस्पिटल बनाए जाने की तैयारी है। अजीम जी प्रेमी जी फाउंडेशन नगर निगम के खाते में ढाई करोड़ रूपए खर्च करेगा जबकि प्रशासन द्वारा नगर निगम को इतनी ही जमीन किसी दूसरी जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

खास बात

- निर्माण के बदले फाउंडेशन ननि के खाते में जमा करेगा ढाई करोड़ रूपए

बता दे कि शहर में यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने और भारी वाहनों को खड़ी करने, मरम्मत के लिए गराज सहित अन्य कार्यों के लिए टीपी नगर को विकसित करने की योजना बनाई गई थी। शहर को व्यवस्थित करने के लिए टीपी नगर को स्थापित करने की पहल वर्ष 2006-07 में की गई थी। इस दौरान नगर निगम द्वारा शहर के पचपेड़ी में लगभग दो करोड़ रूपए खर्च कर गुमटियों, सड़क, लाईट व अन्य सुविधाओं का विस्तार कराया गया लेकिन बिना किसी सही योजना के बनाए गए गुमटी बेकार साबित हुए। इन गुमटियों का उपयोग नहीं हो पाया और पिछले 20 सालों से गुमटियां जंग खा रही है। इधर नगर निगम सरकारें टीपी नगर को बसाने के लिए कवायाद करती रही लेकिन राशि के आभाव में यह एक सपना ही बनकर रह गया। अब इस टीपी नगर की जमीन को अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन को देने का निर्णय लिया गया है। शासन प्रशासन स्तर पर हुए फैसले के तहत नगर निगम को इसके लिए एनओसी प्रदान करना है।

इस निर्णय के तहत नगर निगम यह जमीन अब फाउंडेशन को सौंप देगा। बड़ी बात यह है कि नगर निगम द्वारा इस जमीन पर 20 साल पहले लगभग दो से ढाई करोड़ रूपए खर्च कर निर्माण कार्य कराए गए थे। ऐसे में नगर निगम की ओर से जिला प्रशासन के समक्ष यह शर्त रखी गई है कि उक्त जमीन के बदले दूसरी जमीन नगर निगम को उपलब्ध कराई जाए और इसके साथ ही खर्च की गई राशि नगर निगम को दिलाई जाए। इस निर्णय के बाद अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा नगर निगम को ढाई करोड़ रूपए निगम के खाते में जमा किया जाएगा। निगम के खाते में राशि आने के बाद ही नगर निगम द्वारा एनओसी दिए जाने की बात कही जा रही है।

फाइल फोटो

मेंड्राकला में देख रहे दूसरी जमीन

सबसे बड़ी बात यह है कि इस जमीन के बदले नगर निगम को दूसरी जमीन प्रदान की जाएगी। वर्तमान में टीपी नगर जिस जगह पर मौजूद है वह हिस्सा शहर के अन्दर आ चुका है और शहर का रिंग रोड भी अब छोटा पड़ने लगा है। वर्तमान में शहर के बाहर से बाईपास सड़कों के निर्माण का कार्य चल रहा है। टीपी नगर के शहर में होने से आने वाले समय में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में नगर निगम ने भी यह निर्णय लिया है कि उक्त जमीन हैण्डओवर कर दूसरे स्थान पर टीपी नगर बसाया जाए। वर्तमान में नगर निगम द्वारा मेंड्राकला में जिस जमीन को पहले मेडिकल कॉलेज के लिए प्रदान करने का निर्णय लिया गया था उसे उपयुक्त माना जा रहा है। हालांकि ननि अभी अन्य स्थानों पर भी जमीन खोज रही है।

तलाश रहे दूसरी जमीन

नगर निगम को दूसरी जगह जमीन देने का निर्णय लिया गया है। अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन पहले नगर निगम के खाते में ढाई करोड़ रूपए की राशि जमा करेगा उसके बाद ही उसे एनओसी प्रदान किया जाएगा। वर्तमान टीपी नगर अब शहर के बीच में आ गया है इसलिए हम भी अब दूसरी जगह जमीन तलाश रहे है।

-श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर

लम्बे जद्दो जहद के बाद ननि को मिली थी जमीन

बता दें कि टीपी नगर के नहीं बस पाने का एक प्रमुख कारण जमीन की समस्या थी। जिस तीन एकड़ भूमि पर नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य कराया गया था उसका भी ननि के नाम आबंटन नहीं हो पाया था। टीपी नगरमें 3 एकड़ के प्लांट के साथ ही कुल 28 एकड़ भूमि के आबंटन की पहल वर्षों की जा रही थी लेकिन उक्त तीन एकड़ भूमि के आबंटन के लिए राजस्व विभाग द्वारा ननि से 57 लाख रुपए का भू-भाटक जमा करने को कहा गया था लेकिन आर्थिक तंगी से जूझ रहे ननि के पास इतनी राशि नहीं है कि वह भू भाटक जमा कर सके। सत्ता परिवर्तन के बाद ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने इस दिशा में विशेष पहल की और स्वयं कलेक्टर से मुलाकात की। महापौर ने वर्ष 2004 में ही टीपी नगर योजना के तहत निकायों को 1 रुपए वर्गफूट के आधार पर जमीन उपलब्ध कराने की अनुमति शासन की ओर से दी गई अनुमति का हवाला दिया और उनसे एक रुपए वर्गफूट के आधार पर जमीन आबंटित करने की मांग की। इसके बाद कलेक्टर सरगुजा की ओर से आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण की गई और ननि को 18.20 एकड़ व 7.10 एकड़ भूमि का अग्रिम आधिपत्य दिया गया इसके साथ ही अब जिस तीन एकड़ भूमि पर ननि ने पूर्व में निर्माण कराया था उस भूमि का भी ननि को अग्रिम आधिपत्य प्रदान कर दिया गया।

सर्पदंश से गंभीर महिला सरपंच की मौत, बाल-बाल बचा पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेहमानों के साथ घर के जमीन पर सो रही महिला सरपंच को जहरीले सांप से डस लिया। जबकि सांप के डसने से बाल बाल बच गया। परिजन महिला सरपंच को स्थानीय अस्पताल से रेफर किए जाने पर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी जगरमति पैकरा पति विशुन सिंह (46 वर्ष) वर्तमान में बतौली पंचायत की सरपंच थी। गुरूवार को घर में मेहमान आने पर रात में भोजन कर सभी एक कमरे में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहे थे। इसी बीच देर रात महिला सरपंच जगरमति उठी और पति को बताया कि उसके पेट में कुछ काट लिया है। जैसे ही पति उठा तो देखा उसके पीठ के नीचे करेत सांप था। बिस्तर में करेंत सांप को देख हड़कंप मच गया। परिजन जिगरमति के पेट में सांप के डस लेने की आशंका पर तत्काल शांतिपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने महिला की हालत बिगड़ते देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन तड़के 4 बजे महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष पहुंचे और मृतिका के परिजन को ढांढस बधाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एक घंटे तक चला झाड़ फूंक का खेल

असमय ही महिला सरपंच की मौत हो जाने की खबर बतौली पंचायत फैल गई जिससे में शोक का माहौल निर्मित हो गया। इधर कुछ लोगों ने गांव के ही वैद्य को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष लेकर पहुंच गए। जिसके बाद मरच्यूरी के सामने ही वैद्य तंत्र मंत्र और झाड़ फूंक करना शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे तक झाड़ फूंक को सिलसिला चला जिसके बाद पुलिस व चिकित्सकों ने परिजन को समझाई दी तब जाकर लाश का पोस्टमार्टम हो सका।

सड़कों पर बह रहा नाली का गंदा पानी, साफ-सफाई की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, साफ सफाई एवं तालाब के पानी की निकासी की बदहाल व्यवस्था को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अ ध्य क्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम क्षेत्र में सफाई-सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है जिससे बारिश के में नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़कों में बह रहा है। तालाब एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुसने की स्थिति बन रही है, जिससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ रहा है।

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ननि आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

शहर की ज्यादातर सड़कें खराब हैं, बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इनमें पानी भर जाने से वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वार्डों में नियमित कचरा उठाव नहीं होने से गंदगी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। कांग्रेस ने निगम प्रशासन से जाम नालियों की तत्काल और नियमित सफाई एवं खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मत, नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने की मांग की है। नालियों का निर्माण, पानी घरों में प्रवेश से रोकने स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाने तथा आवश्यकता के अनुसार नई नाली एवं पाइपलाइन का निर्माण कराने की मांग की है। जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल आवश्यक मशीनरी एवं कर्मचारियों की व्यवस्था कर वार्डवासियों को राहत देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। इस दौरान जिला महामंत्री प्रशांत सिंह चीकू, पार्षद मेराज रंगरेज, चन्द्र प्रकाश सिंह मग्गू, जीवन यादव, शबनम खानम, तीरथ पटेल, धनमीत छाबड़ा, दिनेश शर्मा, अमित वर्मा, शकीला सिद्दकी, रूबी जैन और ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

सामुदायिक भवन किराए पर देने का विरोध

जिला कांग्रेस महामंत्री प्रशांत सिंह चीकू और रघुनाथ मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह मग्गू ने रामानुज वार्ड में नगर निगम द्वारा बनाए गए सामुदायिक भवन को किराए पर दिए जाने पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की शादी ब्याह और आयोजनों के लिए कम कीमत पर उपलब्ध कराने हेतु बनाया गया है। इस भवन से आसपास के 5 वार्डो के रहवासी लाभान्वित होते हैं। इसे स्थायी तौर पर लाभ अर्जन के लिए किराए से देने से निर्धन परिवार इस लाभ से वंचित रह जाएंगे। जल्द ही विवाह का सीजन शुरू होने वाला है। उन्होंने क्षेत्र वासियों की तरफ से भवन का विश्वविद्यालय को आबंटन निरस्त करने की मांग की है।

5 दिन बैंकिंग की मांग लेकर बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के अह्वान पर बैंकों के देशव्यापी हड़ताल के कारण शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का काम-काज पूरी तरह ठप रहा। यूएफबीयू के आह्वान पर सप्ताह में पांच दिन कार्य दिवस निर्धारित करने की मांग लेकर बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर तथा अपनी मांग के समर्थन में स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा के सामने धरना-प्रदर्शन किया।

- दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मियों ने समझौता के अनुरूप पांच दिन की बैंकिंग लागू करने, सरकार की पीएलआई योजना को भेदभावपूर्ण बताकर वापस लेने, इसके क्रियान्वयन पर रोक लगाने, बैंक कर्मियों के संगठनों के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर पीएलआई योजना में आवश्यक संशोधन करने सहित अन्य लंबित मांगों का समाधान करने का मुद्दा उठाया। सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष श्याम गुप्ता ने बताया कि 8 मार्च को हुए प्रदर्शन के दौरान विभिन्न आवश्यक मुद्दों को उठाया गया था। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड फोरम द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में 28 सितम्बर से 30 सितम्बर तक तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है। इस हड़ताल के बाद भी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि यह संघर्ष उनके अधिकारों, सम्मान एवं न्यायपूर्ण सेवा शर्तों के लिए है, जब तक मांगे पूरी नहीं होती उनका संघर्ष जारी रहेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि आईबीए 2024 के द्वपक्षीय समझौते में 5 दिन बैंकिंग की सहमति दी थी तथा सरकार ने भी इसे जल्द लागू करने की सहमति दी थी लेकिन लम्बा समय गुजरने के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया। इस दौरान केनरा बैंक की अधिकारी सुश्री अंकिता सिंह एवं सेंट्रल बैंक की सुश्री संगीता कुमारी एवं पल्लवी ने बैंककर्मियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान स्टेट बैंक यूनियन के मुकेश भगत, राजीव सिंह, ग्रामीण बैंक अधिकारी संघ के सत्यवीर सिंह, संजय वर्मा, ईशान राज, भरत तिवारी, माखन राम, रोशन सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

खोपा धाम के समीप किशोर ने पी लिया कीटनाशक, मौत

अम्बिकापुर। खोपा धाम के समीप किशोर ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोपा निवासी कुलदीप आ. अनंत लाल (16 वर्ष) बुधवार की शाम खोपा धाम के समीप अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। किशोर को कीटनाशक पीते देख उसके दोस्त सुरेंद्र सिंह, आशीष देवांगन ने घटना की सूचना उसके परिजन को दी। परिजन किशोर को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एक पखवाड़े में दंतैल ने रौंद दी 20 किसानों की फसल, ग्रामीण भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

पिछले एक पखवाड़े से ग्राम पंचायत मोहरसोप में भ्रमण कर रहे लोनर दंतैल की तबाही से क्षेत्रवासी परेशान हैं। दंतैल अब तक क्षेत्र के 15 से अधिक किसानों की 20 एकड़ से अधिक धान व मक्के की फसल तबाह कर चुका है।

ग्रामीणों ने बताया कि दंतैल पिछले एक पखवाड़े से ग्राम पंचायत मोहरसोप अंतर्गत ग्राम मचबंधा में भ्रमण कर रहा है। दंतैल धान के खेतों में पानी के बीच लम्बे समय तक अठखेलियां कर फसल को पूरी तरह रौंद दे रहा है। दंतैल अब तक 15 से अधिक किसानों का 20 एकड़ से अधिक धान की फसल तबाह कर चुका है। दिन में दंतैल को खेतों में घूमते देख ग्रामीण कई बार उसे खदेड़ने की भी कोशिशें कर चुके हैं लेकिन कुछ देर आसपास के क्षेत्रों में समय गुजारने के बाद दंतैल वापस खेतों में पहुंच जाता है। दंतैल मक्के की तैयार फसल से अपनी भूख मिटा रहा है। मक्के की फसल को खाने के साथ ही दंतैल फसल को रौंद दे रहा है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि विभाग द्वारा फसल क्षति का प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

रौंदी सात किसानों की मक्का की फसल

गुरूवार की शाम ढलते ही दंतैल मचबंधा पारा बस्ती के निकट पहुंच गया तथा मक्के की फसल से अपनी भूख मिटाता रहा। इस दौरान दंतैल ने मक्के की कच्ची फसल को खाने के साथ ही फसल को रौंद दिया है। इस दौरान दंतैल ने मचबंधा पारा निवासी मंगेश्वर यादव, हरिनारायण यादव, दया पण्डो, मंगली पण्डो, फूल साय पण्डो, सत्यनारायण एवं गणेश यादव की धान व मक्के की फसल को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान दंतैल बस्ती में घुस गया तथा मंगल पण्डो के आंगन की दीवार को ढहा दिया। दंतैल सत्यनारायण के घर के पास लंबे समय तक जमा रहा तथा गणेश यादव की झटका मशीन को तोड़ दिया।

बच्चे नहीं जा पाए स्कूल, लोगों की बढ़ी परेशानी

भारी बारिश में बह गई हरिहरपुर जाने वाली पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में गुरुवार को हुई बारिश के बाद उदयपुर विकासखंड के ग्राम हरिहर मार्ग को जोड़ने वाला पुलिया बह गया। नदी में आए पानी के तेज बहाव से अस्थायी पुलिया बहने से क्षेत्र में आवागमन बाधित हो गया। पुलिया टूटने के बाद शुक्रवार को बच्चे स्कूल नहीं जा पाए वहीं ग्रामीणों को राशन व अन्य कार्यों के लिए भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि कंपनी द्वारा पुलिया के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है लेकिन लोगों द्वारा इस मार्ग पर स्थायी पुल के निर्माण की मांग की जा रही है।

बताया जा रह है कि गुरुआर की देर शाम परसा कोल ब्लाक के अधीन आने वाले गाम हरिहरपुर की ओर जाने वाली अस्थायी पाइप पुलिया और सड़क पानी के तेज बहाव में बह गई। पुलिया के बहने के बाद इस मार्ग पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मार्ग बंद होने के बाद बच्चे शुक्रवार को स्कूल नहीं जा पाए। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को उदयपुर मुख्यालय आने के लिए लगभग 10 किलोमीटर का सफर तय कर तारा से साल्ही होते हुए आवागमन करना पड़ा जबकि इस मार्ग से महज दो से तीन किमी में वे मुख्यालय पहुंच जाते है। बड़ी बात यह है कि हरिहर परसा कोल ब्लाक का प्रभावित गांव है। ऐसे में कोल उत्खनन कंपनी द्वारा पाइप पुलिया के मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया है लेकिन क्षेत्रवासी इससे संतुष्ट नहीं है। जनपद सदस्य श्रवण वरकडे ने बताया कि पुलिया के बह जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्र छात्राओं आज स्कूल नहीं पहुंच सके ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए 8 से 10 किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ा है। रास्ता इतना खराब है कि कई दिनों से अदानी स्कूल की बस भी गांव तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि अस्थायी पुलिया बार बार बह जाती है इसलिए कोल प्रभावित गांव में स्थायी पुल का निर्माण होना चाहिए।

खबर संक्षेप

आत्मानंद में कला संकाय की पढ़ाई शुरू हो

बैकुण्ठपुर। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में संचालित शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में आगामी शिक्षा सत्र से कला संकाय की पढ़ाई शुरू करने की मांग को लेकर खुटहनपारा निवासी अनिल सिंह ने कलेक्टर सहित जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ बैकुंठपुर, विद्यालय के प्राचार्य के नाम आवेदन पत्र देकर मांग किया। अपने आवेदन में अनिल सिंह ने उल्लेख किया है कि उक्त विद्यालय में वर्तमान में गणित एवं जीव विज्ञान की पढ़ाई चल रही है, लेकिन कई छात्रों की रुचि कला विषय को लेकर है, लेकिन विद्यालय में कला संकाय विषय की पढ़ाई नहीं होने के कारण इस विषय के इच्छुक विद्यार्थी दूसरे स्कूलों में पढ़ाई करने को मजबूर है। उन्होंने मांग की है कि आगामी सत्र में इस विद्यालय में कला संकाय शुरू करने की पहल की जाए।

वार्ड पार्षद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

बैकुण्ठपुर। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद संजय जायसवाल ने नपा अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर को पत्र लिखकर मांग किया है कि सामान्य सभा की बैठक सूचना में प्रस्ताव क्रमांक 1 से 12 तक के विषय में विचार एवं निर्णय से पहले नपा में हुए लाखों रूपए के राशि का भुगतान से छवि धूमिल हुई है। इस मामले में परिषद द्वारा संकल्प पारित कर जांच के आदेश दिए जाने, जल आपूर्ति के लिए राज्य शासन द्वारा 34 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई, जिसमें करीब 23 करोड़ का कार्य कराया जा चुका है और संबंधित ठेकेदार को भुगतान किए जाने की सूचना है। परिषद की बैठक का वीडियो रिकॉर्डिंग या मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई।

बैंक कर्मियों की हड़ताल करोड़ों का लेनदेन प्रभावित

दूर-दराज के ग्राहक भटके, ग्राहक सेवा केन्द्रों में लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर बैंक अधिकारी कर्मचारियों द्वारा यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंकिंग यूनियन के आह्वान पर 11 सितंबर को कोरिया जिला मुख्यालय में संचालित दर्जनों बैंक की शाखाएं पूरी तरह से बंद रहीं। इसकी पूर्व जानकारी बैंक उपभोक्ताओं को नहीं होने से वे परेशान रहे, वहीं एक दिवसीय बैंक कर्मियों के हड़ताल के कारण करोड़ों रुपए का लेन-देन प्रभावित हुआ।

प्राप्त के जानकारी के अनुसार विभिन्न बैंक के अधिकारी-कर्मचारी अपने संगठन के आह्वान पर पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और परफारमेंस लिंक्ड इंसेंटिव में विसंगति के विरोध में युनाईटेड फोरम ऑफ बैंकिंग यूनियन के आह्वान पर 11 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। इसके चलते विभिन्न बैंकों में नगद लेन-देन, चेक क्लीयरेंस सहित अन्य बैंकिंग काम काज प्रभावित रहा। वहीं डिजीटल बैंकिंग एवं ग्राहक केन्द्रों सेवाओं के चालू रहने से थोड़ी राहत रही। वहीं अधिकांश बैंक उपभोक्ताओं को एक दिवसीय बैंकिंग कर्मियों के हड़ताल के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार मांगों पर विचार नहीं किए जाने और निराकरण नहीं होने पर आगामी 28 सितंबर से तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित हैं, इसके बाद भी मांगों का निराकरण नहीं किए जाने पर आगामी माह 26 अक्टूबर से विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर चले जाने की चेतावनी दी है।

एटीएम भी हो सकती है खाली

अभी त्यौहारी सीजन है और विभिन्न बैंकों के तीन दिन लगातार बंद रहने से कई बैंकों के एटीएम खाली हो सकते हैं। इससे लोगों को नकदी के लिए परेशानी हो सकती है। त्यौहारी सीजन में खरीदी के लिए एटीएम से कैश ज्यादा निकाल रहे है, ऐसे में कई एटीएम के खाली होने की संभावना है।

एक दिन धरना प्रदर्शन से तीन दिन बंद

बैंकिंग अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने से तीन दिन तक बैंक बंद रहेगा। बैंक कर्मियों द्वारा 11 सितंबर को धरना प्रदर्शन किए जाने के कारण बैंक बंद रहे, वहीं 12 सितंबर को माह का दूसरा शनिवार तथा 13 सितंबर को रविवार का अवकाश है। इस तरह बैंक कर्मियों के एक दिन के धरना प्रदर्शन से तीन दिन बैंक बंद रहे, इससे उपभोक्ताओं को परेशानी होगी।

गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

सोनहत। खंड मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामों, मोहल्लों एवं पारा-टोला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। गणेश उत्सव को लेकर आयोजन समितियों द्वारा पूजन स्थलों की साफ-सफाई, पंडाल निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया गया है।

तीन चोरियों का खुलासा, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

■ शहर में लगातार बढ़ रही थीं चोरी की वारदातें

शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने जहां लोगों की चिंता बढ़ा दी थी, वहीं कोतवाली पुलिस ने अब चोरों पर शिकंजा कसते हुए तीन अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। बरामद सामान की प्रार्थियों से पहचान कराई गई, जिसमें उन्होंने अपना चोरी गया सामान पहचान लिया। पिछले दिनों शहर में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी की शिकायतें पुलिस को मिली थीं। इसके बाद थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 206/26, 208/26 और 209/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह ने विशेष अभियान चलाकर चोरी के मामलों का शीघ्र खुलासा करने तथा क्षेत्र में पेट्रोलिंग और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में चार पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पहले मामले में रेलवे कॉलोनी निवासी गुरुदत्त के गैराज से कॉपर वायर चोरी किया गया था। पुलिस ने आरोपी राकेश यादव पिता श्यामलाल उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 10 कॉपर वायर तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। बरामदगी की कुल अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रूपए बताई गई है। दूसरे मामले में वार्ड क्रमांक 9 पुड्डू दफाई निवासी हुसैन के गोदाम से करीब दो क्विंटल लोहे की छड़ एवं कटर मशीन चोरी हुई थी। पुलिस ने अरमान अंसारी पिता हामिद उम्र 22 वर्ष निवासी मौहारपारा वार्ड क्रमांक 5 तथा सुमित सिंह पिता बलराम निवासी मौहारपारा को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से करीब दो क्विंटल लोहे की छड़, जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रूपए है, बरामद की गई। तीसरे मामले में चनवारीडांड निवासी हर्षित जैन के एचआर इंडस्ट्रीज कैंपस से बड़ा मोटर पंप चोरी हुआ था। पुलिस ने सुभाष कुमार पिता विजय कुमार निवासी गदबदी बैकुंठपुर तथा ऋषि कुमार पिता ज्ञानचंद उम्र 19 वर्ष निवासी पेंड्रा, हाल मुकाम खेड़िया तिराहा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से करीब 14 हजार रूपए कीमत का मोटर पंप बरामद किया गया। तीनों मामलों में चोरी का सामान बरामद होने के बाद पुलिस ने संबंधित प्रार्थियों से पहचान कार्रवाई कराई। प्रार्थियों ने बरामद सामान को अपना चोरी गया सामान बताया। इसके बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की।

बिशुनपुर में खिलाड़ियों और मेधावी विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला

बैकुंठपुर। जिले के ग्राम पंचायत बिशुनपुर स्थित कृष्ण पूजा पंडाल में जनपद पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती धर्मवती राजवाड़े के सौजन्य से जनपद क्षेत्र स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े रहे।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े एवं सौभाग्यवती सिंह, अंचल राजवाड़े तथा पूर्व जिला अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती धर्मवती राजवाड़े ने की। सम्मान समारोह में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। मुख्य अतिथि विधायक श्री राजवाड़े ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि उन्हें उचित मंच, अवसर, प्रोत्साहन और सम्मान मिले।

उन्नयन कार्यों के लिए 8.58 करोड़ स्वीकृत

बैकुण्ठपुर। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार एवं जल संसाधन अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न सिंचाई योजनाओं के उन्नयन कार्यों के लिए 8 करोड़ 58 लाख 8 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। सलबा जलाशय में बांध एवं नहर उन्नयन कार्य के लिए 2 करोड़ 19 लाख 97 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। कार्य पूर्ण होने के पश्चात 59 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार चम्पाझर जलाशय में नहर उन्नयन कार्य के लिए 1 करोड़ 95 लाख 99 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य के पूर्ण होने से 61 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। वहीं मुरमा जलाशय में बांध एवं नहर उन्नयन कार्य के लिए 4 करोड़ 42 लाख 12 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इस कार्य से भी जल संसाधन अधोसंरचना को बेहतर बनाने तथा संबंधित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में सिंचाई क्षमता बढ़ाने, उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा किसानों को कृषि कार्य के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होंगी झगराखंड की शिक्षिका

मनेन्द्रगढ़। केन्द्रीय विद्यालय एसईसीएल झगराखंड की कंप्यूटर साइंस शिक्षिका इशिता पांडे ने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें शिव नादर फाउंडेशन और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साइड बिजनेस स्कूल से जुड़े प्रतिष्ठित इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवॉर्ड्स 2026 में सरकारी स्कूल श्रेणी में कंप्यूटर साइंस विषय की राष्ट्रीय विजेता चुना गया है। राष्ट्रीय फाइनल का आयोजन शिव नादर विश्वविद्यालय नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत इशिता पांडे को यूनिर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के साइड बिजनेस स्कूल में एक सप्ताह के विशेष शैक्षणिक एवं नेतृत्व कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा वे पांच सप्ताह के ऑनलाइन प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम का भी हिस्सा बनेंगी। राष्ट्रीय फाइनल के दौरान इशिता पांडे के नवाचार की अंतरराष्ट्रीय जूरी ने विशेष सराहना की। जूरी सदस्य डॉ. क्रिस्टीना यान झांग और कैरी लोमास ने उनके कार्य को उल्लेखनीय बताया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा(छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- /अ-6/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलालुद्दीन अंसारी आ.स्व.नवी रसुल, जाति जुलाहा, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम रनपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 1/11 रकबा 0.405 हे.भूमि के राजस्व अभिलेखों में वर्तमान मृत खातेदार स्व.नबी रसुल आ.स्व. रहीम का नाम विलोपित कराते हुए उनके विधिक वारिशों के नाम पर फौती दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/09/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

//न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सीतापुर जिला-सरगुजा छ.ग.//

राजस्व प्रकरण क्रमांक/ब-121/2025-26

ईश्तहार(उदघोषणा)/आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता ग्राम बमलाया को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशा भगत आ.रामसाय भगत जाति उरांव निवासी ग्राम बमलाया तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक स्वयं का जन्म दिनांक 28/09/1972 को ग्राम बमलाया में होने के फलस्वरूप जन्म-मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रहा है। जिसके लिये जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, चलान की प्रति एवं कार्यालय जिला योजना एवं सांखिकी अधिकारी एवं जिला रजिस्टार (जन्म-मृत्यु) जिला सरगुजा (छ.ग.) प्रमाण पत्र, अंकसूची की छाया प्रति आवेदन पत्र सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 18/09/2026 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सीतापुर

PUBLIC NOTICE (GENERAL INFORMATION)

It is hereby informed to the general public that my client, Shri Adarsh Tiwari, S/o Shri Ashok Tiwari, Caste-Brahmin, R/o front of Kanha Kirana, Godhanpur, Police Station - Gandhinagar, Tehsil - Ambikapur, District - Surguja (C.G.), is the sole owner of the land situated at Village - Jhumarpara, P.H.No. 27, RNM - Ambikapur-1, Tehsil - Ambikapur, District - Surguja (C.G.), bearing Khasra Numbers 296, 297, 298, 299/1, and 379, with respective areas of 0.020, 0.004, 0.081, 0.012, and 0.020 hectares. The total number of plots is 05, with a total area of 0.137 hectares.

This land was purchased by my client, Shri Adarsh Tiwari, S/o Shri Ashok Tiwari, from the seller, Smt. Nisha Poptani, W/o Shri Hiralal Poptani, R/o Sindhi Colony, Ambikapur, Police Station & Tehsil Ambikapur, District Surguja (C.G.), through a registered sale deed dated 27.08.2019. The name of Shri Adarsh Tiwari is recorded in the revenue records. The previous original registered sale deed of the said land was executed in the year 2008 in the name of Suresh Kumar Agrawal. The seller, Smt. Nisha Poptani, W/o Shri Hiralal Poptani, had handed over the previous original executed registered sale deed to my client on date 27.08.2019.

However, on date 16.07.2026, while my client was traveling on a motorcycle from his residence in Godhanpur to the Collectorate Office, carrying the said previously executed original registered sale deed in a carry bag, the deed fell somewhere along the way and was lost. Despite extensive search efforts, my client has not been able to find it.

Consequently, information regarding the loss of the original copy of the said registration has been reported to the Police Station, Gandhinagar, on date 03.09.2026.

If any person finds the original copy of the said registered sale deed, please inform me at the address or mobile number mentioned below. Furthermore, if any person has any claim regarding the said original sale deed, they may inform me.

Gulsher Khan
(Advocate)
Office/Residence: Near Samlaya Temple, Mominpura, Ambikapur, District-Surguja (C.G.) Mobile No.-9425256365

ईश्तहार (आम सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री आदर्श तिवारी आ. श्री अशोक तिवारी जाति ब्राम्हण, निवासी कान्हा किराना के सामने, गोधनपुर थाना-गांधीनगर तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा. (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि स्थित ग्राम-झूमरपारा, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. अम्बिकापुर-1, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. की भूमि खसरा नम्बर 296, 297, 298, 299/1 एवं 379 क्रमशः रकबा 0.020, 0.004, 0.081, 0.012 एवं 0.020 हे. कुल प्लाट 05 कुल रकबा 0.137 हे. भूमि जिसे श्री आदर्श तिवारी आ. श्री अशोक तिवारी ने विक्रेता श्रीमती निशा पोपटानी पति श्री हीरालाल पोपटानी, निवासी सिंधी कॉलोनी अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. से दिनांक 27.08. 2019 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है, जो राजस्व अभिलेखों में श्री आदर्श तिवारी आ.श्री अशोक तिवारी का नाम दर्ज है। उक्त भूमि का पिछला मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र जो सुरेश कुमार अग्रवाल के नाम पर वर्ष 2008 को निष्पादित हुआ था। उक्त मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र को विक्रेता श्रीमती निशा पोपटानी पति श्री हीरालाल पोपटानी के द्वारा दिनांक 27.08.2019 को मेरे पक्षकार को सौप दिये थे, परंतु उक्त पूर्व निष्पादित मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार से दिनांक 16.07.2026 को मेरे पक्षकार अपने निवास स्थान गोधनपुर से कलेक्ट्रेट कार्यालय की ओर कैरी बैग में रखकर मोटर सायकल से जा रहा था तभी गिर जाने के कारण कहीं गुम हो गया है जो काफी खोज-बिन के बाद भी मेरे पक्षकार को प्राप्त नहीं हुआ है, तब उक्त रजिस्ट्री की मूल प्रति गुमने की सूचना पुलिस थाना गांधीनगर में दिनांक 03. 09.2026 को की गयी है। उक्त मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होने पर उपरोक्त रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे नीचे लिखे पते पर या मोबाईल नं. पर सूचित किया जावे तथा उक्त मूल विक्रय पत्र पर किसी भी व्यक्ति का कोई दावा हो तो मुझे सूचित करें।

गुलशेर खान (अधिवक्ता)
कार्यालय/निवास समलाया मंदिर के समीप मोमिनपुरा अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.
मो. नं. 9425256365

CGHIDB कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-अम्बिकापुर (छ.ग.)

-:: आम सूचना ::-

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-अम्बिकापुर द्वारा 62 दीनदयाल आवास योजना, गंगापुर अम्बिकापुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-42 का आबंटन स्व-वित्तीय आधार पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 880 दिनांक 19/06/2008 श्री अरविन्द कुमार कन्नौजिया पिता श्री भगवानदास कन्नौजिया के नाम से आबंटित है।

मूल आबंटी श्री अरविन्द कुमार कन्नौजिया द्वारा इस कार्यालय से विक्रय की अनुमति प्राप्त कर दिनांक 31/10/2020 को भवन कमांक एल.आई.जी.-42 को श्रीमती दुर्गा गुप्ता पति श्री आलोक गुप्ता निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नमनाकला अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती दुर्गा गुप्ता पति श्री आलोक गुप्ता द्वारा मण्डल के दस्तावेजों में नाम हस्तांतरण/नामांतरण 'हेतु आवेदन किया गया है।

अतः हस्तांतरण/नामांतरण के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में साक्ष्य सहित आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित 15 दिवस के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पदा अधिकारी

न्यायालयः कु.हिमांशी सर्राफ चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

प्रोसेस क्रमांक-617/26
प्रकरण क्रमांक-206ए/2026
पेशी दिनांक- 25/09/2026

1. दीपाली दास पत्नी कैलाश दास, उम्र लगभग-46 वर्ष, जाति- पनिका
2. रितेश कुमार दास आ.कैलाश दास, उम्र लगभग-24 वर्ष, जाति-पनिका
3. सिमरन दास पुत्री कैलाश दास, उम्र लगभग 20 वर्ष, जाति-पनिका

सभी निवासी ग्राम-लटोरी, थाना-जयनगर, जिला-सूरजपुर छ.ग. ------वादीगण

-:प्रति:-

1. आम जनता ग्राम-लटोरी, थाना-जयनगर, जिला-सूरजपुर छ.ग.
2. छ.ग. शासन द्वारा कलेक्टर सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ.ग. -------

प्रतिवादीगण

इस ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादिनी दीपाली दास निवासी ग्राम-लटोरी, थाना-जयनगर, जिला- सूरजपुर छ.ग. द्वारा एक व्यवहार वाद क्रमांक 206ए/2026 दावा वास्ते धारा 09 व्य.प्र.सं. 1908 एवं धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम 1963 के अंतर्गत घोषणात्मक हेतु हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है।

अतः यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त आवेदन के संबंध कोई जवाब या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/09/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्यदिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कु.हिमांशी सर्राफ
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ: रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज, प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार, बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट, गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386 आपका विश्वास हमारी पहचान

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 13 सितम्बर 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN
LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN
LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road, Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

मृत सदस्या के नाम पर फर्जी अंगूठा लगाने का आरोप, स्वयं सहायता समूह की जांच की मांग

रामानुजगंज। ग्राम पंचायत पिपरौल में संचालित यादव महिला स्वयं सहायता समूह की कार्यप्रणाली को लेकर समूह के कुछ सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में समूह की अध्यक्ष और सचिव के पतियों द्वारा कथित रूप से समूह के संचालन में अवैध हस्तक्षेप करने, सदस्यों को जानकारी नहीं देने तथा मृत सदस्य के नाम का कथित रूप से दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार पिपरौल में वर्ष 2007 से यादव महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन किया जा रहा है। समूह के माध्यम से शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा मध्याह्न भोजन योजना का संचालन किए जाने की जानकारी देते हुए आरोप लगाया गया है कि समूह की अध्यक्ष पानपति के पति रामशरण यादव तथा सचिव आशा देवी के पति अनिल यादव कथित रूप से समूह के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं। शिकायत में आरोप समूह की पंजीकृत सदस्य तेतरी यादव के नाम के कथित दुरुपयोग को लेकर लगाया गया है। आवेदन के मुताबिक तेतरी यादव, पति जटा यादव, का निधन 24 नवंबर 2024 को हो चुका है। उनका मृत्यु पंजीकरण 1 मार्च 2025 को हुआ। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उनका नाम समूह के रिकॉर्ड से नहीं हटाया गया और उनके नाम पर कथित रूप से फर्जी अंगूठा लगाकर शासकीय गतिविधियों एवं राशि के आहरण में उपयोग किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि समूह के अन्य सदस्यों को समूह के बैंक खाते, आय-व्यय, राशन दुकान तथा मध्याह्न भोजन संचालन से संबंधित पर्याप्त जानकारी नहीं दी जाती। साथ ही समूह की नियमित बैठकें भी कथित रूप से आयोजित नहीं की जाती और दस्तावेजों में बैठक एवं कार्रवाई दर्शाकर संचालन किए जाने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मृत सदस्यों के नाम के कथित दुरुपयोग की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने तथा राशन दुकान एवं मध्याह्न भोजन का प्रभार नियमानुसार हटाने की मांग की गई है।

एसईसीएल क्वार्टर में चोरी समेत दो घटनाओं का हुआ खुलासा

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र में करीब पखवाड़े भर पूर्व हुई दो चोरी की वारदात में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने पकड़कर उनसे चोरी किये सामान की बरामदगी की है।पकड़े गए दो आरोपी विधि से संघर्षरत दो अपचारी बालक हैं।बताया गया कि मंगतराम चौक निवासी कॉलरी कर्मी लिपिक संतोष साहू के सुने घर में गत 2 सितम्बर को चोरों ने मुख्य दरवाजे की कुंडी उखाड़ कर भीतर रखे 50 हजार नगद समेत सोने चांदी का आभूषण, कुल चार लाख से अधिक रुपये की चोरी कर ली थी, इसी प्रकार ग्राम केशवनगर में विद्युत समानों के कारोबारी के प्रतिष्ठान में रखे एक लाख रुपये से अधिक का विद्युत वायर चुरा लिया था,पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों की धरपकड़ में जुटी थी,इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के दो अपचारी बालकों के गतिविधियों पर स्थानीय लोगो को शंका होने पर पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने जब दोनों अपचारी बालकों को पकड़कर पूछताछ की, तब दोनों ने अपराध का खुलासा किया,पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी का कुछ सामान और नगदी रकम बरामद किया है,वहीं केशवनगर में विद्युत समानों के कारोबारी के घर हुई चोरी मामले में भी एक आरोपी को पकड़कर पूछताछ किये जाने की खबर है।

मछली नाले में मिली महिला की लाश, पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शुरू की जांच

धौरपुर। लुण्ड्रा के ग्राम नवडीहा स्थित मछली नाले में एक महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। नाले में लाश मिलने की सूचना पर पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान मृतिका की पहचान 20 वर्षीय रजनी दास आ.हीरा दास निवासी ग्राम अगासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि करीब चार महीने पहले ही रजनी की शादी बरकोल में हुई थी। कुछ दिन पहले वह अपने मायके गई थी और वहां कुछ दिन रुकने के बाद वापस अपने ससुराल जा रही थी। इसी दौरान मछली नाले में गिरने से उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतिका के शरीर पर ऐसे स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिनके आधार पर हत्या की आशंका की पुष्टि की जा सके। हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

निधन

अवध किशोर सिंह

अम्बिकापुर। शहर के केदारपुर निवासी एवं ग्रामीण बैंक से सेवानिवृत अधिकारी अवध



किशोर सिंह का 67 वर्ष की आयु में शुक्रवार की तड़के रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्वर्गीय सिंह अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री, पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

रामानुजनगर में कैम्पा मद से 2022-23 में स्वीकृत हुए थे 2 करोड़ की राशि

वन परिक्षेत्र जंगल में पुटुस झाड़ियों के सफाई के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

जिले जंगलों में न सिर्फ विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे है बल्कि जंगल जड़ी बूटी से भरे हुए है। इन पेड़ों में कई ऐसे पेड़ है जो ग्रामीणों की आजीविका के स्त्रोत है। ऐसे में जंगल में पेड़ पौधे के अच्छे ग्रोथ हो इसके लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करती है। हैरानी की बात तो यह है कि रामानुजनगर वन परिक्षेत्र के जंगल से झाड़ियों की साफ सफाई के लिए दो करोड़ स्वीकृत हुए लेकिन विभाग द्वारा झाड़ियों के साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर छोड़ दिया जिससे क्षेत्र के जंगल में पुटुस झाड़ी चादर की तरह फैली हुई है। ऐसे में जंगल में रोपे गए कीमती पौधे पर भी असर पड़ने लगा है।

खास बातें

- काम हुआ सिर्फ 50-100 मीटर के दायरे में
- आज भी जंगल में चादर की तरह फैली है पुटुस झाड़ी

जिले के रामानुजनगर वन परिक्षेत्र के विभिन्न वन खंडों में पुटुस अत्यधिक मात्रा में फैला होने का हवाला देकर वन विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में कैम्पा मद से 2 करोड़ से ज्यादा राशि की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन रामानुजनगर और प्रेमनगर के कुछ ही कंपार्टमेंट में नाममात्र की सफाई की गई है। कहीं-कहीं तो सिर्फ 50 से 100 मीटर की परिधि को ही साफ कर खानापूर्ति कर दी गई, जबकि यह झाड़ी पूरे वन क्षेत्र में फैली हुई है। शासन ने पुटुस सफाई की स्वीकृति इसलिए दी थी ताकि जंगलों में रोपित पौधों और वनोपज की ग्रोथ अच्छी हो सके। यह झाड़ी पौधों के विकास में बाधा उत्पन्न करती है। आरोप है कि यहां पदस्थ वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों से सांठगांठ कर मनमाने तरीके से नाममात्र सफाई कर पूरी राशि का आहरण कर लिया है। जबकि इमारती पेड़ और वनोपज पुटुस के आगोश में दबी हुई हैं।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जंगल के कीमती पेड़ की स्थिति लंबे समय से चिंताजनक बनी हुई है। इसके बावजूद अब तक विभाग की ओर से झाडियों को हटाने को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल मौके का निरीक्षण कर पेड़ की स्थिति का आकलन कर झाड़ियों को हटा कर पेड़ों तथा रोपे गए पौधों को सुरक्षित करने की मांग की है।

पुटुस झाड़ियों से अटा जंगल।

शिकायत के बाद गठित की गई थी जांच टीम

जंगल से पुटुस झाड़ियों की सफाई के लिए वन विभाग द्वारा साल 2022-23 में कैम्पा मद से 2 करोड़ से ज्यादा राशि की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन रामानुजनगर और प्रेमनगर के कुछ ही कंपार्टमेंट में नाममात्र की सफाई की गई है। जबकि वन परिक्षेत्र में पुटुस झाड़ियों के फैली हुई है। इधर मामला जनप्रतिनिधियों और लोगों के संज्ञान में आने के बाद चर्चा का विषय बन गया है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने घटना की शिकायत की। शिकायत के बाद सूरजपुर के पूर्व जिला पंचायत द्वारा जांच दल भी गठित किया गया था, लेकिन आज तक जांच पूरी नहीं हो सकी है जो समझ से परे है।

कैम्पा मद से स्वीकृत हुई थी राशि

यह सच है की कैम्पा मद योजना के तहत करोड़ो रूपये की स्वीकृति रामानुजनगर वन क्षेत्र को पुटुस सफाई हेतु किया गया था। जहां पर मात्र दिखावे के नाम पर काम काम कराया था। पूर्व रेंजर ने अपने पुत्र के नाम से फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण कर लिया है। जानकारी आने पर जिला पंचायत सूरजपुर मे जांच टीम का गठन किया था, किन्तु इस मामले मे जांच आज तक नही हो पाई है।

-नरेश राजवाड़े
पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष

अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता सेंट जेवियर स्कूल ग्राउंड में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से विद्युत विभाग की 10 क्षेत्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं।

- 10 टीमें ले रही हिस्सा

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता यशवंत शिलेदार द्वारा सद्भावना ध्वजारोहण, छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आवेदन कुजूर ने की। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में फादर आइजेक कुजूर, प्राचार्य कल्यानुस मिंज, प्राचार्य सिरिल मिंज एवं फादर माइकेल तिर्की वहीं राजेश लकड़ा एवं डीके सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभाग के आरपी मिश्रा, आर नागवंशी, जेपी राजवाड़े, राजेश जायसवाल, महेंद्र नेताम, कुंदन कुमार, अक्षय कुमार, अभिनेष बंजारे, सुरजीत गुप्ता, अमित टोप्पो, लोकेश नामदेव, कैलाश देवांगन, जेपी पटेल, विनोद शुक्ला, सुभाष सरकार, एमएच अंसारी, संगम पटेल, स्नेहा टोप्पो, विराजमान एक्का, यतीन्द्र गुप्ता, एचएल. पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पहले दिन रोमांचक मुकाबले कोरबा पश्चिम ने मड़वा को 3-0 से, जगदलपुर ने अम्बिकापुर को 2-1 से, बिलासपुर ने रायपुर क्षेत्र को 1-0 से, कोरबा पूर्व ने राजनांदगांव को 2-1 से, मड़वा ने रायपुर सेंट्रल को 1-0 से, जगदलपुर ने दुर्ग को 3-0 से, कोरबा पश्चिम ने रायपुर क्षेत्र को 2-0 से व अम्बिकापुर ने कोरबा पूर्व को 4-0 से पराजित किया। पहले दिन हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। मैदान पर खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 10 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले 12 सितम्बर को सुबह 10 बजे से सेंट जेवियर स्कूल फुटबॉल मैदान में खेले जाएंगे।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आईजी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक के साथ हुई एक करोड़ के ज्वेलर्स की उठाईगिरी मामले में फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पीड़ति पक्ष ने सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुशील सिंह मंडावी के नेतृत्व में आईजी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी एवं सोने चांदी के बाकी गहनों को दिलाने की मांग की है।

विदित हो कि विगत 26 जुलाई को काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी के साथ एक करोड़ के ज्वेलरी की उठाईगिरी हो गई थी। पहले से घात लगाए बैठे उठाईगीरों ने अरुण सोनी के स्कूटी में टँगा हुआ ज्वेलरी से भरा बैग ले भागे थे। इस घटना के बाद शहर में हड़कंप मच गया था और व्यापारी संघ एवं सर्राफा व्यापारी संघ ने मिलकर नगरबंद चक्काजाम धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। सर्व समाज ने भी नगरबंद एवं चक्काजाम को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस की नींद उड़ा दी थी। आखिरकार सर्व समाज की चेतावनी के दो दिन बाद उड़ीसा और छतीसगढ़ पुलिस के हत्थे एक अपराधी चढ़ गया। उड़ीसा से आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद सीतापुर पुलिस उसके पास से बरामद ज्वेलरी के साथ आरोपी को लेकर थाने पहुँची। थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने इस घटना में दो अन्य साथियों की संलिप्तता स्वीकारी। जिसके बाद पुलिस ने उठाईगिरी मामले में गिरफ्तार आरोपी युवक को जेल भेज दिया। इस बात को गुजरे 15 दिन से ज्यादा हो गए लेकिन पुलिस फरार चल रहे दोनों आरोपियों को आज तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस संबंध में पीड़ति पक्ष का कहना है कि जब वे थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल से मिले और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में पूछा तो उनका जवाब संतोषजनक नहीं था। थाना प्रभारी का जवाब सुन तो यही लगा कि स्थानीय पुलिस की इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके अलावा जेवर के वजन में भी काफी भिन्नता है जो कई प्रकार के संदेहों को जन्म दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब न्याय पाने के लिए सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना ही एक रास्ता बच गया है। स्थानीय पुलिस के रवैये से निराश होकर पीड़ित पक्ष सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुशील सिंह मंडावी के नेतृत्व में आईजी सरगुजा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं सोने चांदी के बचे ज्वेलरी बरामद करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर एक बार फिर से आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय अग्रवाल, ब्रह्मदेव सोनी, नीरज सोनी, अरुण सोनी एवं अन्य मौजूद थे।

श्रमिक कार्ड है मजदूर का असली सहारा, पंजीयन जीवित रखना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखंड अंबिकापुर के ग्राम पंचायत सपना के पंचायत भवन में शुक्रवार को श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मजदूर पंजीयन कराने और पुराने कार्ड का नवीनीकरण कराने पहुंचे। इस अवसर पर जिपं सदस्य पायल सिंह तोमर व राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक श्रमिक के लिए सबसे जरूरी है उसका पंजीयन और पंजीयन का जीवित रहना। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि श्रमिक कार्ड सिर्फ एक कार्ड नहीं है, बल्कि मजदूर परिवार के लिए सुरक्षा कवच है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। इसी कार्ड के जरिए शासन की कई जनहितकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। श्रमिक पंजीयन से मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। प्रसूति सहायता, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता सहित कई योजनाओं से संबंधित मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कई बार ग्रामीण पंजीयन तो करा लेते हैं, पर समय पर नवीनीकरण नहीं कराते, जिससे पंजीयन मृत हो जाता है और योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। इस दौरान पंचायत भवन में अविनाश कुशवाहा, दिगम्बर यादव, श्रीधर केशरी, प्रिंस चौबे, मटुक दास महंथ, आगर साय राजवाड़े, मुन्ना सिंह, गौतम कुशवाहा, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, सचिव सहित अन्य मौजूद रहे।

- सरगुजा के ग्राम सपना में युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

नशीला इंजेक्शन बेचने वाले को 12 साल कैद, एक लाख का जुर्माना

अम्बिकापुर। विशेष न्यायाधीश नार्कोटिक्स अतुल कुमार श्रीवास्तव ने अपने जजमेंट में दर्रीपारा निवासी सूरज यादव आ. गोपाल यादव को नशीला इंजेक्शन धारण करने के जुर्म में 12 वर्ष की सश्रम कारावास तथा 1 लाख रूपए जुर्माना का दंड सुनाया है.. जुर्माना नहीं पटाने पर छह माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा होगी।।

गौरतलब है कि 29 सितंबर 2025 की रात सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दर्रीपारा निवासी सूरज यादव बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 0906 से हर्रा टिकरा पुलिया मेडिकल कॉलेज के पास भारी मात्रा में इंजेक्शन का सप्लाई करने जा रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने हर्रा टिकरा पुलिया के समीप घेराबंदी कर सूरज यादव को पकड़ा। टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर 178 नग नशीला इंजेक्शन बरामद कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर 30 सितंबर 2025 को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया था। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के मामले में जमानत का लाभ मिलना भी मुश्किल है और सजा मिलना भी लगभग तय है। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को सजा मिलने पर खुशी नहीं होती क्योंकि उसका अपना परिवार होता है परंतु ऐसे नशे के सौदागरों को जो हजारों लोगों को मौत का सामान बेच रहे हैं न्यायालय की इस सजा से डर बनेगा और एक सीख मिलेगी कि गलत काम का अंजाम गलत ही होता है।

नाबालिगों के हाथों में वाहन देने वालों पर पुलिस की सख्ती

सूरजपुर। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के परिपालन में यातायात व थानों की पुलिस द्वारा जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

- यातायात चेकिंग के दौरान 4 नाबालिग चालक पकड़े गए

इसी क्रम में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 4 नाबालिग को बाइक चलाते हुए पकड़ा। पुलिस द्वारा मौके पर नाबालिग के परिजन को सूचना देकर बुलाया तथा उन्हें नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति देने से होने वाले गंभीर परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। चेकिंग के दौरान नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों में वाहन क्रमांक सीजी 29 एई 5054, सीजी 16 सी यू 4636, सीजी 29 एडी 3382 एवं सीजी 29 एएच 5698 शामिल हैं। पुलिस द्वारा वाहन स्वामियों के विरुद्ध इस्तगासा तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नाबालिग को बाइक सहित अन्य वाहन चलाने के लिए देना न केवल उनकी सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि वाहन स्वामी अथवा अभिभावक को भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। नाबालिग द्वारा वाहन चलाते पकड़े जाने पर संबंधित वाहन स्वामी/अभिभावक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाती है तथा 25 हजार तक के जुर्माने का प्रावधान है। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने बताया कि कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति देने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। नाबालिग वाहन चालक यातायात नियमों एवं सड़क पर उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों का सही आकलन करने में सक्षम नहीं होने के कारण स्वयं के साथ-साथ अन्य राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित आयु पूर्ण होने तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाने की अनुमति दें।

अटल परिसर में कचरा डंपिंग से वार्ड का माहौल हुआ दूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर के वार्ड क्रमांक 10 में मौजूद अटल परिसर समेत होलिका दहन मैदान में कचरा डंप करने से वार्ड का माहौल काफी दूषित हो गया है। इस संबंध में वार्ड पार्षद नीरू मिस्त्री ने नगर पंचायत में ज्ञापन सौंप नाराजगी जताई है। उन्होंने कचरा एवं गंदगी की वजह से वार्डवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए वार्ड में कचरा डंप करने पर रोक लगाने की मांग की है ताकि वार्ड का माहौल दूषित होने से बचाया जा सके।

- पार्षद ने ज्ञापन सौंप जताई नाराजगी, छठ घाट और होलिका दहन मैदान होने से लोगों में आक्रोश

विदित हो कि नगर पंचायत के महामाया वार्ड क्रमांक 10 में मौजूद अटल परिसर छठ घाट एवं होलिका दहन मैदान में पूरे नगर का कचरा लाकर डंप किया जा रहा है। जिसकी वजह से अटल परिसर छठ घाट एवं होलिका दहन मैदान कचरा डंपिंग ग्राउंड बन गया है और वहां कचरे का अंबार लग गया है। इस संबंध में वार्ड पार्षद नीरू मिस्त्री ने पूर्व में अटल परिसर समेत छठ घाट एवं होलिका दहन मैदान में कचरा डंप करने पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कचरे की वजह से वार्ड में होने वाले प्रदूषण एवं गंदगी का हवाला देते हुए चिन्हांकित जगहों पर कचरा डंप करने पर रोक लगाने की मांग की थी ताकि वार्ड का माहौल दूषित होने से बचाया जा सके लेकिन नगर पंचायत ने जगह का अभाव बताते हुए उन जगहों पर कचरा डंप करना जारी रखा। सालों से कचरा डंप होने वजह से अटल परिसर छठ घाट समेत होलिका दहन मैदान में कचरे का अंबार लग गया। जिसकी वजह से वार्ड का माहौल काफी दूषित हो चला है और वार्डवासियों का जीना दूभर कर दिया है। पूर्व में मना करने के बाद भी वार्ड में कचरा डंप जारी रखना एवं कचरे की वजह से वार्ड के लोगों को हो रही परेशानियों को देखते वार्ड पार्षद ने नाराजगी जताते हुए इस पर रोक लगाने हेतु सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में अटल परिसर होलिका दहन मैदान समेत छठ घाट में होने वाले धार्मिक आयोजन का हवाला देते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। पार्षद ने कहा कि जिस जगह नगर पंचायत द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है वहां से लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई है। उस जगह पर कचरा डंप करने से उनकी भावनाएं आहत हो रही है और अब वो खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। जिसे देखते हुए अब कचरा डंप करने के बजाए एक उचित एवं सुरक्षित जगह निर्धारित की जाये जहां बिना किसी व्यवधान के कचरा डंप किया जा सके। इसके साथ ही अटल परिसर समेत जिन जगहों पर कचरा डंप किया गया है वहां से तत्काल कचरा हटाकर उस जगह को स्वच्छ एवं साफ सुथरा किया जाए। इसके अलावा भविष्य में वार्ड क्रमांक 10 में स्थित अटल परिसर छठ घाट एवं होलिका दहन मैदान में कचरा डंप न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस कचरा डंप करना जारी रखा गया तो मजबूरन नगर पंचायत के विरुद्ध आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

इस संबंध में सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि सालों से यहां कचरा डंप होता रहा है। चूंकि नगर पंचायत क्षेत्र में ऐसी कोई जगह नही है जहां कचरा डंप किया जा सके। जो है वो भी शहर से काफी दूर है, फिर भी कोशिश करते हैं कोई न कोई वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का जहां कचरा डंप किया जा सके।

भारतीय किसान संघ की हुई जिला स्तरीय बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

बलरामपुर। भारतीय किसान संघ के जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा के अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय बैठक में किसान हित के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही भारतीय किसान संघ के जिला स्तर पर सभी तहसीलों में कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामनरेश कुशवाहा ने कहा कि 12 सितंबर को जिले के डवरा तहसील में भारतीय किसान संघ के कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जिसमें जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा इसी माह में भारतीय किसान संघ के अभ्यास वर्ग कराने का संघ द्वारा निर्णय लिया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसान घर समाज गांव जिला राज्य नहीं बल्कि पूरे देश की रीढ़ है। हर पदाधिकारी अपने आप को उच्च पदाधिकारी समझते हुए छोटे से छोटे किसान भाइयों के समस्या को निदान करने में योगदान जरूर दें। जब किसान विकसित होगा तभी देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि संगठन का जिला स्तर पर किस तरह विस्तार हो इस विषय पर प्रति माह होने वाले बैठक पर अपना विचार आवश्यक रूप से रखें। बैठक में किसान संघ के विभिन्न समस्याओं और समस्याओं के निराकरण पर भी चर्चा किया। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, किसान संघ सरकारी समिति अध्यक्ष विनोद गुप्ता, ललन कुशवाहा, गौतम सिंह, संजय कुशवाहा, जमुना गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अंबिकापुर की बदहाल सड़कों के खिलाफ कांग्रेस का चक्काजाम 15 को

अंबिकापुर। अंबिकापुर शहर की बदहाल और जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की गड्ढों से भरी बेहद ही जर्जर सड़को के तत्काल सुधार एवं आवश्यक नवनिर्माण की मांग को लेकर 15 सितंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे एमजी रोड स्थित विशुनपुर चौक, माखन विहार के पास चक्काजाम किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि अंबिकापुर शहर की सड़कों की बदहाली सिर्फ असुविधा का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह आम नागरिकों की सुरक्षा और जान-माल के लिए खतरा बन चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है। कई स्थानों पर ऑटो रिक्शा के पलटने, दुपहिया वाहन चालकों के गिरकर घायल होने और वाहनों के गड्ढों में फंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत माता चौक से रायगढ़ रोड स्थित फ्लाईओवर तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है। इसी तरह अंबेडकर चौक से रेलवे स्टेशन तक भी नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खामियाजा मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। एंबुलेंस और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में परेशानी होती है। दुपहिया वाहनों पर स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए गड्ढों से भरी सड़कें लगातार खतरा बनी हुई हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक एवं नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि शहर की समस्या सिर्फ मुख्य मार्गों तक सीमित नहीं है। अंदरूनी मोहल्लों और गलियों की सड़कें भी जगह-जगह पूरी तरह टूट चुकी हैं। कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि करीब दो महीने पहले बनाई गई कई सड़कें पहली ही बरसात में उखड़ने और धुलने लगी हैं। जब नई सड़कें कुछ ही सप्ताह की बारिश भी नहीं झेल पा रही हैं तो सड़क निर्माण की गुणवत्ता और उसकी निगरानी को लेकर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है।

हादसे के बाद लोगों ने चक्काजाम कर कोयला-राखड़ लोड भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग की

तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो और स्कूटी को मारी टक्कर, लोगों में आक्रोश

चक्काजाम में शामिल लोग, इनसेट में घायल ऑटो चालक।

वाहनों की लगी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खास बात

- आए दिन हो रही दुर्घटना

बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय के समीप एसईसीएल का कोयला परिवहन कर रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर चालक ने ऑटो और स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक को कमर व पैर में गंभीर चोटें आई है,घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और लगातार इस मार्ग से गुजर रहे कोयला एवं राखड़ लोड भारी वाहनों के खिलाफ लोगों का आक्रोश फूट पड़ा।

आक्रोशित लोगों ने सड़क पर चक्काजाम कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है,गौरतलब है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर एसईसीएल का कोयला परिवहन कर रहा ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईएल 6617 तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय के समीप एक ऑटो और स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में ऑटो चालक चोपड़ा कालोनी निवासी धर्मेंद्र गुप्ता की कमर व पैर में गंभीर चोटें आई है,साथ ही ट्रेलर चालक ने वहीं पर सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी वाहन को भी अपनी चपेट में ले लिया,गनीमत रही कि स्कूटी सवार युवती वाहन को सड़क किनारे खड़ी कर एक दुकान में सामान लेने अंदर चली गई थी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति संभालने का प्रयास किया,इसी दौरान कुछ लोगों से विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई,स्थिति बिगड़ती देख बिश्रामपुर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच लोगों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया,स्थानीय लोगों का कहना है कि बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में कोयला एवं राखड़ लोड ट्रक और ट्रेलर गुजरते हैं।

भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लगातार आवाजाही के कारण इस मार्ग पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों के मुताबिक उक्त गंभीर समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार जिला प्रशासन व पुलिस को ज्ञापन देकर अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

लिखित आश्वासन के बाद आवागमन हुआ बहाल

शुक्रवार को हादसे के बाद लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया और उन्होंने घटना स्थल के समीप ही करीब दो घंटे तक चक्काजाम कर कोयला एवं राखड़ परिवहन करने वाले भारी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने घायल व्यक्ति के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग भी उठाई। चक्काजाम की सूचना मिलने पर लटोरी तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह भी मौके पर पहुंच प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद प्रशासन की ओर से भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने संबंधी लिखित पत्र जारी किया गया,पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह की ओर से पुलिस थाना बिश्रामपुर के थाना प्रभारी व यातायात प्रभारी को भेजे गए पत्र में मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों एवं कोल परिवहन में लगे ट्रिप ट्राला, फ्लाई ऐश परिवहन में लगे वाहनों के आवागमन को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित/नियंत्रित किए जाने तथा आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का उल्लेख किया है। पत्र में सड़क दुर्घटना और उससे उत्पन्न चक्काजाम का भी हवाला दिया गया है। प्रशासन के इस लिखित आश्वासन और भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने की बात पर प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन समाप्त किया। इसके बाद मार्ग पर यातायात बहाल हो सकी। प्रदर्शन में युकां नेता अभिषेक सिंह सोमू, भाजपा नेता विनय सिंह, जेपी यादव, अमरेश सिंह, दीनानाथ यादव, संजय सोनी, विकास सिंह, विक्की यादव, अवनीश सिंह, अंकित चौहान, दिलीप सोनी, प्रकाश कुर्रे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सरकारी दफ्तर में लोगों की एंट्री पर परमिशन का फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

- बिना अनुमति साहब के ऑफिस में प्रवेश वर्जित

ब्लॉक मुख्यालय स्थित एसडीओ आरईएस कार्यालय में चस्पा किए गए तीन अलग-अलग नोटिस इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यालय की दीवार पर एक नोटिस में साफ शब्दों में लिखा है बिना अनुमति प्रवेश वर्जित है। दूसरे नोटिस में कार्यालय में बैठकर अपना और अधिकारियों का समय व्यर्थ न करे।

तीसरे नोटिस में लिखित अनुमति अथवा सहमति के बिना कार्यालय के नाम से किसी भी प्रकार का विज्ञापन या संदेश प्रकाशित नहीं करने की चेतावनी दी गई है। तीनों नोटिस एक साथ लगाए जाने से कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। आमतौर पर सरकारी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए तैनात रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सड़क, भवन, निर्माण कार्य, भुगतान, तकनीकी स्वीकृति और विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएं लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। ऐसे में अधिकारी से मिलने के लिए पहले अनुमति की व्यवस्था लागू किए जाने से लोगों की पहुंच को लेकर स्थिति अलग नजर आ रही है।

नियमों के मुताबिक सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रवेश व्यवस्था निर्धारित की जा सकती है। लेकिन आम नागरिकों को अधिकारी से मिलने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य किए जाने की स्थिति में संबंधित विभागीय आदेश और सक्षम अधिकारी की अनुमति का स्पष्ट आधार होना जरूरी है। कार्यालय में लगाए गए नोटिस में किसी शासनादेश, आदेश क्रमांक अथवा दिनांक का उल्लेख दिखाई नहीं देता। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भी सरकारी संस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देता है। स्थानीय लोगों के अनुसार जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय में भी इस तरह का नोटिस नहीं लगाया गया है। ऐसे में एसडीओ आरईएस कार्यालय में लगाए गए नोटिस ने व्यवस्था को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने हजारी

रामानुजनगर। ब्लॉक मुख्यालय स्थित रानी मैदान में आगामी दुर्गा उत्सव के आयोजन को लेकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा उत्सव को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से हजारी लाल साहू को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से हजारी लाल साहू के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें समिति की जिम्मेदारी सौंपी। हजारी लाल साहू ने कहा कि सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाए जाने की जिम्मेदारी उन्हें मिली है। दुर्गा उत्सव एक सामूहिक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन है, इसलिए इसके सफल आयोजन के लिए सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नगरवासियों से धार्मिक कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में नगर के पूर्व पूजा समिति अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, जय प्रकाश, राजेश शंकर दास, संतोष साहू, यादवेंद्र दुबे, श्याम सुंदर, शंकर साहू, राजेश गुप्ता, रिंकल गुप्ता, सुशील पाण्डेय, नंदू यादव, संदीप साहू, संजू गुप्ता, मदन, रोहित साहू, विनोद उपाध्याय, घरभरण राजवाड़े सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

एसईसीएल में दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया हुई सम्पन्न

- बीएमएस यूनियन एक बार फिर से अव्वल स्थान हासिल करने में हुई सफल, इंटक को मिला केवल एक सदस्य

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर में श्रम संगठनों के दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन का कार्य आज शुक्रवार को सम्पन्न हुआ,जिसमैं पिछले कई वर्षों से अपना दबदबा बनाकर चल रही बीएमएस यूनियन ने फिर से नंबर वन रैंक हासिल करने में सफलता अर्जित की है,दूसरे दिन के सदस्यता सत्यापन के मिले अंतिम आंकड़े के मुताबिक 879 सदस्यों के साथ बीएमएस पहले स्थान पर है,वहीं एटक 791 सदस्यों के साथ दूसरे नंबर पर, जबकि 243 सदस्यों के साथ एचएमएस तीसरे स्थान पर, इंटक केवल एक सदस्य बनाने में सफल रह पाई, नोटा के पक्ष में 37 सदस्यों ने अपना समर्थन जताया है।दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन के दौरान जो भी श्रमिक इस दौरान अवकाश में हैं,उन्हें अंतिम अवसर के रूप 19 सितम्बर को प्रबंधन के समक्ष उपस्थित होकर जिस यूनियन में वे सदस्यता लेना चाहते हैं, ये बताना होगा,दूसरे दिन तक के सत्यापन कार्य में अब तक 1936 श्रमिकों के सदस्यता के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है।अब करीब 100 सदस्यों का सत्यापन शेष रह गया है।आज शुक्रवार को अंतिम आंकड़े आने के बाद बीएमएस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई देते हुए दिखे,बीएमएस और एटक में इस वर्ष महज 88 सदस्यों का अंतर रह गया है।एटक यूनियन ने कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए बीएमएस के समक्ष तगड़ी चुनौती पेश कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।भटगांव क्षेत्र में भी बीएमएस ने पहले के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।भटगांव क्षेत्र में बीएमएस का मुकाबला सीधे एचएमएस से था,यहां एचएमएस 895 सदस्यों के साथ टॉप पर रही जबकि बीएमएस 803 सदस्यों के साथ नंबर दो पर और एटक यहां तीसरे नंबर पर रही,उसे 131 सदस्यों का समर्थन मिला,जबकि इंटक यहां 185 सदस्यों का समर्थन हासिल करने में सफल रही,नोटा में 32 सदस्यों ने अपना समर्थन दिया,यहां कुल आंकड़े 2046 बताए गए हैं।

भक्ति में डूबा नगर, शुरू हुआ अखण्ड संकीर्तन यज्ञ, 24 घंटे गूंजेगा हरिनाम संकीर्तन, 12 सितंबर को भंडारा

रामानुजगंज। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा आयोजित कराए जा रहे अखण्ड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन 11 एवं 12 सितंबर को किया जा रहा है। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ शुक्रवार को अम्बिकापुर रोड स्थित गैस गोदाम परिसर में हुआ। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। अखण्ड संकीर्तन का शुभारंभ सुबह हुआ, जो लगातार 24 घंटे तक चलने के बाद शनिवार 12 सितंबर को सुबह संपन्न होगा। इस दौरान हरि भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन एवं भगवान के नाम का संकीर्तन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। महिलाओं की विशेष सहभागिता को ध्यान में रखते हुए दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक महिलाओं के लिए संकीर्तन का विशेष समय निर्धारित किया गया है। अखण्ड संकीर्तन के समापन के पश्चात शनिवार 12 सितंबर की दोपहर से भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।